संख्या-121/2015/1891/41-2015-16 यो0/12

प्रेषक,

अमृत अभिजात,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,

पर्यटन उ0प्र0

लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ,दिनांक 14 अगस्त ,2015

विषय- जनपद इटावा स्थित सैफई में पर्यटन काम्पलेक्स के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सैफई में आयुर्विज्ञान संस्थान तथा सैफई पण्डाल स्थल के मध्य पूर्व में स्थित विद्युत विभाग का सब-स्टेशन स्थानान्तरित करके अन्यत्र स्थान पर स्थापित करने के फलस्वरूप रिक्त हुई भूमि पर पर्यटन काम्पलेक्स का निर्माण कराया जाय।

2. उक्त भूमि के सम्बन्ध में सूच्य है कि खतौनी वर्ष 1421-1426 के खाता संख्या-02 पर अंकित 2.2252 हे0 भू-खण्ड पर पूर्व में 220 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र स्थापित था। मौके पर भूमि का वर्तमान में क्षेत्रफल 3.5778 हे0 है, जिसमें से 2.2250 हे0 भू-खण्ड पर पर्यटन काम्पलेक्स निर्मित कराये जाने के निमित्त वर्तमान सर्किल रेट पर जिलाधिकारी, इटावा द्वारा आगणित धनराशि रू0 20,02,50000/- (रू0 बीस करोड दो लाख पचास हजार मात्र) का भुगतान पर्यटन विभाग द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ को किया जायेगा।

3. पर्यटन काम्पलेक्स के निर्माण हेतु नामित निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा गठित आगणन रू0 3391.37 लाख (रू0 तैतीस करोड इक्यान्बे लाख सैतीस हजार मात्र) की लागत से कराया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

4. उक्त भूमि का क्रय तथा पर्यटन काम्पलेक्स के निर्माण हेतु आवश्यक कुल धनराशि (20,02,50,000 + 33,91,37,000=53,93,87,000) रू0 5393.87 लाख (रूपये तिरपन करोड तिरान्बे लाख सत्तासी हजार मात्र) की बजट व्यवस्था पर्यटन विभाग के अनुदान में अनुपूरक मांग के माध्यम से कराया जायेगा।

कृपया इस सम्बनध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमृत अभिजात)
सचिव।

संख्या- /2015/1891(1)/41-2015 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, न्याय विभाग/वित्त विभाग/नियोजन विभाग/राजस्व विभाग/ऊर्जा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- आयुक्त, कानपुर मण्डल कानपुर
4- जिलाधिकारी, इटावा।
5- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि, लखनऊ।
6- राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
7- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

http://srasanadesh.up.nic.in